हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 21 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .2 डिग्री

11 विद्युत नगर में जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज



12 जलभराव का जायजा लेने फील्ड में उतरे विधायक भयाना



## खबर संक्षेप

### रमेश बने ग्राहक कल्याण परिषद के प्रदेश महासचिव

**उकलाना मंडी।** अखिल भारतीय ग्राहक कल्याण परिषद ने अपना विस्तार करते हुए पंचग्रामी से रमेश फरीदपुर को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। रमेश कुंडू फरीदपुर ने कहा कि जो उनको ज़िम्मेदारी सौंपी गई है उसको वह बखूबी निभाएंगे और ग्राहक कल्याण परिषद को बुलंदियों तक ले जाने का काम करेंगे जिससे ग्राहकों की संतुष्टि हो।

### अवैध रूप से देसी शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध रूप से शराब की बिक्री पर कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ टीम ने गांव बुरे रोड स्याहड़वा स्थित ज्वार के खेत से एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से 12 बॉक्स (कुल 144 बोतल) देसी शराब बरामद की गई। एएसआई रविन्द्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि गांव स्याहड़वा में ज्वार के खेत के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब छुपाकर बेच रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को काबू किया, जिसकी पहचान गांव स्याहड़वा निवासी श्रवण के रूप में हुई। तलाशी लेने पर श्रवण के खेत से 12 बॉक्स (144 बोतल) देसी शराब बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी श्रवण अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य करता है।

### दुकान से नकदी चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम एवं पड़ाव चौकी पुलिस ने जहाज पुल स्थित फास्ट फूड दुकान के गल्ले से नकदी चोरी के मामले में सिवानी मंडी निवासी सुमित को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई विक्रम ने बताया कि पड़ाव चौकी में लक्ष्मी फास्ट फूड संचालक बहादुर ने 14 जुलाई की सुबह उसकी फास्ट फूड दुकान के गल्ले से नकदी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर थाना शहर केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी सुमित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा धनराशि में से पांच हजार रूपये बरामद किए है। आरोपी को अदालत में पेश कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### होटल मैनेजर की हत्या का तीसरा आरोपी काबू

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ व थाना अर्बन एस्टेट पुलिस टीम ने होटल मैनेजर पारस की हत्या के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव मीरकां निवासी राहुल के रूप में हुई है। आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पाल ने बताया कि आरोपी राहुल मृतक पारस की हत्या वारदात में शामिल था। मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी मोनू उर्फ फर्राटा, कमरे की पेमेंट को लेकर उसका होटल मैनेजर पारस से विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते मोनू ने अपने साथी अभिषेक और राहुल के साथ मिलकर पारस पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और बाद में उसकी मृत्यु हो गई।

### अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ का प्रदर्शन स्थगित

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष कंवर पाल ने कहा है कि संगठन द्वारा अनुबंधित कर्मचारियों की मांगों को लेकर 21 जुलाई को प्रदर्शन करने के फैसले को देखते हुए सरकार और विभाग के अधिकारी सकते में आए गए हैं। सरकार द्वारा संगठन को वार्ता के लिए बुलाया गया है। इसके चलते 21 जुलाई को किया जाने वाला प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। तीन दिनों में संगठन की दो बार सीएम हाउस पर मुख्यमंत्री एवं उनके ओएसडी से कर्मचारियों की मांगों को लेकर चर्चा हुई।

---

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के प्रयास सिरे चढ़े, अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे जो चौबीसों घंटे निगरानी करेंगे

### इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की निगरानी में रहेगा शहर

# हिसार को 150 करोड़ की लागत से मिलेगा आधुनिक सुरक्षा तंत्र का वरदान

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶| हिसार

शहर की कानून-व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा को नई ऊंचाई देने वाली एक महत्वपूर्ण योजना का श्रीगणेश हो चुका है। इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) की डीपीआर स्वीकृत हो चुकी है। यह प्रोजेक्ट आधुनिक निगरानी प्रणाली, डाटा विश्लेषण व आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

इस योजना का पूरा खाका राज्य के पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने तैयार किया था। सुरक्षा को चाक चौबंद करने वाली इस योजना को सिरे चढ़ाने के लिए उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें कर योजना के क्रियान्वयन के लिए ठोस दिशा तय की। उनके कार्यकाल में तो यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई लेकिन अब इसकी डीपीआर स्वीकृत होने से इसके अमलीजामा पहनने की संभावना बन रही है।

#### ऑटो मार्केट के कम्युनिटी सेंटर से होगा नियंत्रण

शहर की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही इस परियोजना का नियंत्रण ऑटो मार्केट फेस-3 के कम्युनिटी सेंटर से होगा। यहां से पूरी निगरानी प्रणाली का संचालन और समन्वय होगा।

इसके लिए कई बार अधिकारियों ने जगह का निरीक्षण भी किया था। योजना के अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थानों पर



- कानून व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा को नई ऊंचाई देने वाली महत्वपूर्ण योजना का श्रीगणेश

अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जो 24 घंटे निगरानी करेंगे। यह प्रणाली अपराधों की रोकथाम, आपराधिक तत्वों की पहचान और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अतिरिक्त, यह सेंटर किसी भी आपातकालीन स्थिति-चाहे वह अपराध हो, अग्निकांड या दुर्घटना में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

#### अपराधों से सुरक्षा का आधुनिक वरदान बनेगी यह योजना

वर्तमान में बढ़ते अपराध व अन्य घटनाओं पर रोकथाम की दिशा में यह योजना प्रमुख भूमिका निभाएगी। इसीलिए इसे 'सुरक्षा का आधुनिक वरदान' माना जा रहा है।

माना जा रहा है कि जैसे ही यह योजना पूरी होगी, हिसार शहर एक स्मार्ट और सुरक्षित नगरी के रूप में पूरे हरियाणा में उदाहरण बनेगा। यह परियोजना विकास और विश्वास का प्रतीक है।

#### करनाल का सेंटर देखकर आया विचार

*पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का कहना है कि जब वे शहरी स्थानीय निकाय मंत्री थे तो उन्होंने करनाल का इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर देखा था। उससे वे न केवल प्रभावित हुए बल्कि उनके मन में विचार आया कि ऐसा सेंटर हिसार में भी होना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने इस योजना का खाका तैयार करके फाइल चला दी, जिसकी डीपीआर अब मंजूर हुई है।*

#### मंत्री से मुलाकात की थी : जिंदल

हिसार की विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कहा कि शहर में स्थापित होने वाले आईसीसीसी के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और यूएलबी मिनिस्टर विपुल गोयल से मुलाकात की गई थी। आईसीसीसी आज और आने वाले समय के लिए बहुत जरूरी है।

#### वारदात होते ही कैमरों की मदद से पकड़े जाएंगे आरोपी

शहर के मुख्य चौराहों व अन्य मुख्य स्थानों पर आधुनिक स्तर के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

इन कैमरों का नियंत्रण इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में होगा। जैसे ही कोई घटना होगी, कैमरों की सहायता से अपराधियों का पकड़ने या अन्य तरह के निदान में सहायता मिलेगी। एकीकृत नियंत्रण एवं कमान केंद्र (आईसीसीसी) के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव की

#### डॉ. गुप्ता ने जताई प्रसन्नता

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने अपने प्रोजेक्ट के सिरे चढ़ने पर प्रसन्नता जताते हुए शहरवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह केवल तकनीक का विकास नहीं, बल्कि प्रशासनिक दक्षता और जनसहभागिता का संगम होगा। हमारा शहर सुरक्षित होगा, यही सबसे बड़ी बात है और इसके लिए शहरवासी बधाई के पात्र हैं।

#### शहर के विकास में अहम होगा योगदान : पोपली

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर के विकास में आईसीसीसी का अहम योगदान होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और यूएलबी मंत्री विपुल गोयल से मुलाकात भी की थी। इसके स्थापित होने के पश्चात पूरा शहर एक जगह से ही कंट्रोल होगा।

अध्यक्षता में रविवार को शहर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की समीक्षा बारे एक अंतर-विभागीय बैठक आयोजित की गई। इसमें इस वर्ष 26 मई की पूर्व बैठक के निर्देशों के अनुसरण में, पांच शहरों हिसार, सोनीपत, करनाल, फरीदाबाद और गुरुग्राम के आयुक्तों की एक समिति गठित की गई, जो करनाल, फरीदाबाद और गुरुग्राम में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय अपराध नियंत्रण केंद्रों (आईसीसीसी) का अध्ययन दौरा करेगी। बैठक के दौरान, हिसार के मुख्य अपराध नियंत्रण केंद्र (सीएमसीसी) ने आईसीसीसी के दौरे के प्रमुख निष्कर्ष प्रस्तुत किए और इन शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर किए गए संशोधनों को प्रस्तुत किया।

#### शहरभर में 1100 से ज्यादा कैमरे लगाए जाएंगे

योजना के तहत शहर निगरानी नागरिक सुरक्षा और बेहतर नागरिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पूरे शहर में 1100 से ज़्यादा उन्नत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें चेहरे की पहचान करने वाले कैमरे भी शामिल हैं। इसके अलावा अन्य उपकरण भी लगाए जाएंगे।

#### योजना पर आएगी 150 करोड़ से अधिक की लागत

हिसार की इस योजना पर 150 करोड़ की लागत आएगी। बैठक के बाद मुख्य सचिव ने हिसार के लिए संशोधित डीपीआर को मंजूरी दे दी है, जिसकी अनुमानित परियोजना लागत 150 करोड़ रुपये से अधिक है।

#### जल्द होगा स्थापित

नगर निगम आयुक्त नीरज नेहरा संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने हिसार को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने के लिए संशोधित डीपीआर को मंजूरी दे दी है। इसकी अनुमानित लागत लगभग 150 करोड़ रुपये आएगी। उनहोंने बताया कि जल्द ही आईसीसी स्थापित किया जाएगा।

---



**आदमपुर।** मदर प्राईड स्कूल के विद्यार्थी ध्रुव को अव्वल रहने पर सम्मानित करते हुए स्टाफ सदस्य।

### अब ध्रुव राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगा दम

- मदर प्राइड स्कूल में ध्रुव को किया सम्मानित

**आदमपुर।** दिल्ली के डॉ. करणी शूटिंग रेंज में आयोजित इंटर स्कूल एवं राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में मदर्स प्राइड कॉन्वेंट स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र ध्रुव ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

ध्रुव ने प्रतियोगिता में 343 स्कोर करते हुए सभी को प्रभावित किया और राज्य स्तर (स्टेट लेवल) पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अब वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर स्कूल और जिले का नाम रोशन करेगा। प्रधानाचार्य राकेश कौशिक ने ध्रुव की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी सिखाते हैं। कड़ी मेहनत और समर्पण से ध्रुव ने यह मुकाम हासिल किया है। संचालक धर्मवीर जांगड़ा ने छात्र, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल और स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

---

## आवर्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने फिर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय व चार वर्षीय प्रोग्राम का परीक्षा परिणाम रविवार को घोषित हो गया। इसमें आवर्स के विद्यार्थियों ने फिर बाजी मारी है।

छह वर्षीय प्रोग्राम में आवर्स की तन्मय ने 95 प्रतिशत अंक लेकर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया व जीया ने 92 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार चार वर्षीय प्रोग्राम में खुशी ने 90 प्रतिशत अंक लेकर पूरे प्रदेश में दूसरा व जगरीत ने 89 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। रोहित ने कम्यूनिटी साइंस में 87 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा व आसी ने 86 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के डायरेक्टर सुरेन्द्र पूनिया ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।




**हिसार।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ संस्थान के पदाधिकारी।

उन्होंने कहा कि यह छात्रों की अथक मेहनत का नतीजा है। आवर्स एकेडमी विद्यार्थियों के उनकी मंजिल तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करती है।

उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों का किसी कारणवश चयन नहीं हो पाया है उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है वो आवर्स एकेडमी पर आकर अपने भविष्य को लेकर सलाह ले सकते हैं।

## उपायुक्त को ज्ञापन देकर करेंगे समस्याओं के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मिनी सचिवालय कॉलोनी रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कॉलोनी के पार्क में हुई। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों के परिवारों सहित कॉलोनीवासियों ने भाग लिया।

कॉलोनी निवासी जितेन्द्र श्योराण ने बैठक में कॉलोनी में लंबे समय से चल रही नागरिक सुविधाओं और सुरक्षा से संबंधित समस्याओं पर संगठित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। सर्वसम्मति से एक औपचारिक ज्ञापन तैयार किया गया।



**हिसार।** बैठक में उपस्थित कॉलोनी निवासी।

यह ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा जाएगा। इसमें कई समस्याएं उठाई गई जिनमें कॉलोनी के सरकारी क्वार्टर और सड़कों की जर्जर स्थिति, सफाई व्यवस्था और नियमित कचरा संग्रहण की कमी, झाड़ियों की अत्यधिक बढ़त और पेड़-पौधों की अव्यवस्थित स्थिति, बंदरों, आवारा कुत्तों और मवेशियों का उत्पात, कॉलोनी की भूमि पर अवैध कब्जे, आदि शामिल रहे।

## बीए अंग्रेजी ऑनर्स के परिणाम में राजकीय महाविद्यालय का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय महाविद्यालय ने बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) अंग्रेजी ऑनर्स कार्यक्रम के अंतिम परिणामों की आधिकारिक घोषणा कर दी है।

इन परिणामों में विश्वविद्यालय से संबद्ध गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के छात्रों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिणामों के अनुसार, शीर्ष 10 छात्रों में से 9 छात्र राजकीय महाविद्यालय, हिसार के हैं, जो इस प्रतिष्ठित संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सम्पूर्ण सत्र के परिणामों में, राजकीय महाविद्यालय की छात्रा सिमरन ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने कुल 2500 अंकों में से 1953 अंक अर्जित किए, जो 78.12 प्रतिशत का प्रभावशाली प्रतिशत है। शीर्ष 10 में शामिल अन्य मेधावी छात्रों में वंश सोनी, भावना, सुमित गांगुली, विकास, परदीप कुमार, रितु, दीपिका, और रुद्रा बिश्नोई शामिल हैं। गरिमा ने भी शीर्ष 10 में स्थान बनाया, जो दयानंद कॉलेज, हिसार की छात्रा है। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने सभी सफल छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और प्राध्यापकों के अथक प्रयासों को दिया है। हमारे छात्रों ने न केवल कॉलेज का नाम रोशन किया है, बल्कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में भी शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित किया है।



**हिसार।** परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजकीय महाविद्यालय के छात्र।

## ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट पर पटाखे छोड़ने वाले युवक का 28 हजार का चालान किया



**नारनौंद।** माजरा प्याऊ पर बुलेट की जांच करते हुए ट्रैफिक इंचार्ज रामनिवास चहल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

ट्रैफिक पुलिस नारनौंद ने यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्ती दिखाते हुए एक बुलेट चालाक का 28 हजार रुपए का चालान किया। नारनौंद ट्रैफिक इंचार्ज रामनिवास चहल ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान गांव माजरा प्याऊ पर एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को कागजात जांच के लिए रोका गया।

जांच के दौरान पाया गया कि उसकी बाईक से पटाखा की आवाज निकल रही थी। ट्रैफिक पुलिस ने इस उल्लंघन के आधार पर 28 हजार रुपए का चालान किया।

### ट्रैफिक पुलिस ने ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का किया 10 हजार का चालान



**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस हांसी ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए रविवार को हिसार चुंगी पर वाहनों की चेकिंग के दौरान ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी को रोका। इसके शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी हुई थी जिसका मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गाड़ी का 10 हजार रुपए का चालान किया गया एवं मौके पर ही गाड़ी के शीशे से ब्लैक फिल्म को उतारा गया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि ब्लैक फिल्म लगाना कानूनन प्रतिबंधित है, क्योंकि इसका उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों को छुपाने के लिए किया जाता है। इस प्रकार के उल्लंघनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

---

### अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 38 बोतल शराब बरामद की

## नाइट डोमिनेशन के दौरान पुलिस ने 673 वाहनों को चैक किया, 12 के किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम तथा अपराधियों की धरपकड के लिये शनिवार रात्रि नाईट डोमिनेशन के तहत विशेष नाके व गस्त पार्टियों को तैनात करके संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की जांच के लिये विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान बडी संख्या में अधिकारी व पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। पुलिस जिला के विभिन्न स्थानों को चिंहित करके विशेष नाका बन्दी की गई। नाईट डोमिनेशन के दौरान करीब 673 वाहनों की जांच की गई तथा अभियान के तहत नियम वा कानून तोडने वालो के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की गई। जिला पुलिस द्वारा नाईट डोमिनेशन के दौरान 673 वाहनों को चैक कर 12 वाहनों के चालान और एक वाहन को जब्त किया गया। हांसी पुलिस ने नाइट डोमिनेशन के दौरान अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 38 बोतल अवैध शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम संशोधन के तहत अभियोग अंकित कर कार्रवाई की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आमजन से अपील की है कि अगर किसी को भी अपने निवास स्थान के आस पास किसी संदिग्ध व्यक्ति, नशा करने वाले या नशे का व्यापार करने वाले, अवैध शराब बेचने वाले आदि का पता चले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना/पुलिस चौकी व हेल्पलाइन नंबर 112 और पुलिस कंट्रोल रूम 8813089302 पर सूचना दे। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। तथा भविष्य में भी इस प्रकार के नाइट डोमिनेशन अभियान समय- 2 पर जारी रहेंगे।



**हांसी।** नाइट डोमिनेशन के दौरान नाकों की जांच करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

#### पुलिस अधीक्षक ने किया नाकों का निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन द्वारा नाईट डोमिनेशन के दौरान नाकों को चैक किया तथा इस दौरान बिना वजह बाहर घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की। नाईट डोमिनेशन चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा दुष्चरित्र व्यक्तियों, हिस्ट्रीशीटर आदि को चैक किया गया तथा रेलवे स्टेशनों, बस अड्डा, धर्मशालाओं, होटल, बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थानों की चैकिंग की गई।

*व्यस्त आदमी को अपना काम करने में जितनी अक्ल की जरूरत पड़ती है, उससे ज्यादा अक्ल बेकार आदमी को समय काटने में लगती है।*

**- हरिशंकर परसाई**





*आज अजब इत्तेफाक है कि पिता दिवस है और तीन छुट्टियां एक साथ ...कि भीतर अजीब सी कैफियत है। डिग्री को जी भर के देख रही हूं कि आज बाबा होते तो कितने राजी होते कि मेरी बुलेरी ने सब पढ़ लिया है। उन दिनों तो खैर नहीं पता था कि बुलेरी उनके लिए कितना बड़ा अभिमान थी। हां.. यही नाम दिया था उन्होंने मुझे। बहुत छोटी थी तो बुल्ला कहते थे। बाद में दसवीं पास करते-करते बुल्ला से बुलेरी हो गई। आज सोचती हूं कि क्या बाबा को बाबा बुल्ले शाह की फकीरी का पता था?*



कहानी

डॉ. मनुहार शर्मा

# बाबा की बुलेरी

जरा अलमारी को करीने से करने क्या बैठी कि यादों के दराज में सेंधमारी ही हो गई। अलमारी के दराज में एक से एक पुरानी, नयी चीजें ...कागज-पत्र, माला, गहने ...एक पूरा कबाड़खाना ही कह लो। किसी चीज में कोई तरतीब नहीं... लेकिन चीजों को देखते हुए एक सुकून सा मिल रहा है। जिंदगी इतनी तेजी से दौड़ी कि हांफना भी भूल गई। सुकून तो दूर की कौड़ी... घर गृहस्थी और नौकरी दोनों के बीच तवाजुन किसी सर्कस की नटनी से तो रत्तीभर भी कम नहीं... बस भागते-भागते खाओ, भागते-भागते सब कुछ... इंश्योरेंस की रसीद या कोई भी कागज ...यहां तक कि पीएच.डी की डिग्री भी... कन्वोकेशन के बाद रात को लौटे थे... जी भरके देखा भी नहीं ....कि दराज में रख दी ।

सुबह उठकर भाग गए अपनी-अपनी नौकरी पर। आज अजब इत्तेफाक है कि पिता दिवस है और तीन छुट्टियां एक साथ ...कि भीतर अजीब सी कैफियत है। डिग्री को जीभर के देख रही हूं कि आज बाबा होते तो कितने राजी होते कि मेरी बुलेरी ने सब पढ़ लिया है। उन दिनों तो खैर नहीं पता था कि बुलेरी उनके लिए कितना बड़ा अभिमान थी। हां.. यही नाम दिया था उन्होंने मुझे। बहुत छोटी थी तो बुल्ला कहते थे। बाद में दसवीं पास करते-करते बुल्ला से बुलेरी हो गई। आज सोचती हूं कि क्या बाबा को बाबा बुल्ले शाह की फकीरी का पता था? वह बहुत ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे। सो बुल्ले शाह के बारे में तो क्या ही जानते होंगे ,लेकिन वह उर्दू पढ़ना लिखना जानते थे। ...तो हो सकता है बाबा बुल्ले शाह के बारे में जानते हो और उनकी रूबाइयों और अलमस्त फकीरी से प्रभावित होकर मुझे नाम दिया हो बुलेरी। हालांकि उन दिनों जब उनकी देखा-देखी मुझे स्कूल में मेरी सहेलियां बुलेरी बुलाती तो मैं चिढ़ती थी ...कि नाम खराब कर रही हैं। एक बार तो बाबा फीस भरने आए तो हेड मास्टर के दफ्तर में जाकर बोले जी हमारी बुलेरी की फीस भरनी है। मास्टर जी तुरंत समझ गए लेकिन मैंने मां से उनको खूब डांट पड़वाई ...कि बच्ची का नाम लेकर नहीं बोल सकते ? वे ही... ही ...करके खिसियाते रहे। तब मुझे कहां पता था कि मैं उनकी बुलेरी ही हूं। आज कॉलेज और विश्वविद्यालय के दुनिया भर के कार्यक्रमों, बैनर, पोस्टर और निमंत्रण पत्रों पर बड़ी-बड़ी डिग्रियों के साथ मेरा नाम लिखा रहता है। विभाग अध्यक्ष की नेम प्लेट कमरे के बाहर लगी है , लेकिन बुलेरी कौन कहे? बुलेरी के लिए तो जैसे तरस ही गई हूं। मेरा बाबा के साथ एक अलग ही राब्ता रहा। घर में सबसे छोटी थी शायद इसीलिए ...या नहीं जानती क्यों ....उन्हें इतना भरोसा था मुझ पर ....कि कचेहरी से आते तो गली के नुक्कड़ से आवाज लगाते... बुलेरी ....। मैं स्कूल से आकर खाना खा रही होती और यह भी अजब इत्तेफाक कि आधा खा चुकी होती। बीच में उठती... उन्हें पानी देती ...वे थके होते उनके बगल से कागज पत्रों का थैला लेती... और कभी-कभी कैश भी होता... खूब सारे रुपए लेकर ...उनकी लकड़ी की अलमारी में रखती। उन्हें पानी देती फिर खाने बैठती... लेकिन वे चुप कहां बैठते? बुलेरी ...बुलेरी ...पुकारते रहते। बस जल्दी से खाना निबटाती। उन्हें गाय के दूध की छाछ, पुदीना डालकर पीनी होती... हालांकि मम्मी ने, बड़ी दीदी ने कई बार कोशिश की ... बाद में भाभी ने भी कोशिश की... कि मैं खा रही हूं तो वह उन्हें पानी... छाछ दे दें.... लेकिन उनकी रसाई बैठती ही नहीं। वह नुक्स निकालते ...,पानी ज्यादा ठंडा है ...पुदीना कम है छाछ में ....गिलास साफ नहीं है... और मम्मी को छोह आ जाता ...कहती ...यह तो चली जाएगी साल.. दो साल में ...फिर कौन देगा छाछ ? बहु से ही काम चलेगा ...इसलिए अभी से आदत डाल लो। सुनकर वे भावुक को जाते। तुरंत उनकी आंखें नम और नाक पौंछते रहते। अभी तो मेरी बेटी बहुत पढ़ेगी। जितनी भी क्लासें होती हैं... सब पढ़ेगी ...फिर बाद में भी इससे पूछूंगा कि शादी करवाएगी भी या नहीं। आज पीएच.डी की डिग्री को देख रही हूं तो याद आता है कि यदि वे होते तो आज फिर उनकी आंखें भीगती और नाक पौंछकर ,ऊपर देखकर कहते ....मेरी बुलेरी हमारे शहर में सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी लड़की हो गई है। एक दिन वे जाते-जाते बोलकर गए... बुल्ला बेटा! ...गाय की बछिया खुली घूम रही है और कपड़े तार पर सूख रहे हैं ...उतार कर रख देना या फिर बछिया को बांध देना। मैंने सुना अच्छे से लेकिन छुट्टी वाले दिन कोई एक काम थोड़े ही होता है ..जहां भी.. जिस भी कमरे में जाओ वहीं कोई ना कोई काम मेरा इंतजार कर रहा होता। भूल गई और आधे घंटे के बाद जब बाहर निकली तो बछिया उनके कुर्ते की लटकती बाजू को बड़े आराम से चबा रही थी। उस दिन खूब अफसोस हुआ कि बाबा को क्या जवाब दूंगी ? उस दिन खाना भी नहीं खाया गया ठीक से। दो बजे के बाद तो बस छिप ही गई ...कि सांस रोक कर सुनने लगी कि कब आएगी आवाज ....बुलेरीईईईईई.. ...लेकिन गनीमत कि कोई और शहर के दो आदमी उनके साथ थे ...एक मैनेजर थे ...बैंक के और दूसरे कोई स्कूल अध्यापक थे। जब पानी लेकर गई तो मेरी ही चर्चा थी कि मेरी बेटी इस साल बी.ए. कर देगी। इसको अगले साल किसी बड़े कॉलेज में दाखिला करवाऊंगा। जाने कितनी ही बातें हैं कि क्या-क्या याद करूं। उनके मुंह में दांत बहुत कम बचे थे। ज्यादातर दलिया, खिचड़ी या केला, पपीता खाकर पेट भर लेते थे। हम छुट्टी के दिन बाहर धूप में मूंगफली या चने खाते तो उनका मन करता। मैं चने या मूंगफली को अपने मुंह में आधे चबाकर उनके हाथ पर रख देती और वह बड़े मजे से खा लेते।

बी.ए. का रिजल्ट आया तो जैसे उन्होंने पूरे शहर को सिर पर उठा लिया... क्योंकि उनकी गुलेरी बी.ए. पास जो हो गई थी। विश्वविद्यालय में दाखिला करवाने खुद गए। फीस जमा कर दी। हॉस्टल की भी फीस भर दी। उन दिनों हमारे विभाग की अध्यक्ष एक सीनियर प्रोफेसर थी जो रिटायरमेंट के नजदीक थी। उनसे मिले ...हॉस्टल में खाना कैसा होता है? क्लास कहाँ-कहाँ लगती हैं ? तमाम बातों का जायज़ा लिया और चलने के लिए उठे तो दोनों हाथ जोड़कर ..उन सीनियर प्रोफेसर के सामने अवरुद्ध गले से बोले ....हमारी बुलेरी का ध्यान रखना जी...यह कभी बाहर नहीं रही। वह दृश्य आज भी मेरी आंखों में जब तब साकार हो जाता है कि ...एक पिता... बेटी का पिता ...किसी याचक सा... दीन होता है। क्योंकि वह अपनी बेटी से प्रेम करता है। सीनियर प्रोफेसर उनकी सरलता को देखकर स्वयं भी रोने लगी और रोते-रोते कहा ...आज से चालीस साल पहले... मेरे बाबा भी मुझे... ऐसे ही... किसी प्रोफेसर के पास छोड़कर गए थे। तब वे भी इतने ही भावुक और चिंतित थे। आप फिक्र ना करें। यह मेरी भी बेटी है और तब के बाद ...उन मैडम ने मुझे बुलेरी ही कहा।

एम.ए. करते ही मुझे शिक्षा विभाग में नौकरी मिल गई तो वे खूब प्रसन्न हुए। हमारी ही लिस्ट में निखिल को भी जॉइनिंग मिली थी। मैंने इसी साल पत्राचार से एम.फिल. में प्रवेश लिया और साल भर में एम.फिल पूरी की। सुनकर वे खूब खुश हुए और कहा ...बेटा! तू सारी क्लासें पूरी कर दे। कोई क्लास मत छोड़ना। तू हमारे परिवार की सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी लड़की है। उधर निखिल की पीएच.डी पूरी हुई लेकिन सालभर बाद मुझे मैटरनिटी लीव लेनी पड़ी और पहली डिलीवरी के बाद मैं आराध्या को लेकर घर गई तो वे काफी भावुक हुए। कचेहरी जाना अब छोड़ दिया था। पेड़ -पौधों की साज- संभाल कर लेते और ज्यादा समय घर पर ही रहते। हॉस्टल में सर्दियों की शुरुआत में ही गाजरपाक का लोहे का पीपा, लेकर पहुंच गए कि मेरी बेटी खाएगी। हालांकि पीपा व गाजरपाक का प्रयोग इतना सफल हुआ था कि बाकी लड़कियां बाद में कई दिनों तक पूछती रही थी कि तेरा पीपा खत्म हो गया या पापा जी फिर कब आएंगे?

*मैंने सुना अच्छे से लेकिन छुट्टी वाले दिन कोई एक काम थोड़े ही होता है ..जहां भी.. जिस भी कमरे में जाओ, वहीं कोई ना कोई काम मेरा इंतजार कर रहा होता। भूल गई और आधे घंटे के बाद जब बाहर निकली तो बछिया उनके कुर्ते की लटकती बाजू को बड़े आराम से चबा रही थी। उस दिन खूब अफसोस हुआ कि बाबा को क्या जवाब दूंगी? उस दिन खाना भी नहीं खाया गया ठीक से। दो बजे के बाद तो बस छिप ही गई ...कि सांस रोक कर सुनने लगी कि कब आएगी आवाज ....बुलेरीईईईईई..*

उनकी उम्र काफी हो गई थी लेकिन समय पर नहाना-धोना, घूमना-फिरना, डायरी लिखना... अपने ज्यादातर काम अपने आप करना उनका शगल था। एक रात वे खाना खाकर आराम से सोए। रात को बिजली नहीं थी। वे शायद पानी पीने उठे होंगे। वे उठे तो अंधेरे में सामने रखी कुर्सी में उलझ कर गिर पड़े। पैर में फ्रैक्चर हुआ तथा रीढ़ की कोई नस ब्लॉक हो गई। तीन-चार दिन बाद ही पूरा शरीर सुन्न हो गया। वे बस देखते रहते ...ना बोल पाते ...ना हिल डुल पाते... डॉक्टर ने खूब कोशिश की ...कहा ऑपरेशन होगा ठीक हो जाएंगे। मुझे याद है आज भी ...वे ऑपरेशन के लिए दिल्ली जा रहे थे.. तो गाड़ी मेरे कॉलेज की तरफ से ही निकली गई। चपरासी ने बताया तो मैं क्लास में थी... जल्दी से बाहर भागी तो उनकी कार गेट के आगे ही दूसरी तरफ खड़ी थी। वे पिछली सीट पर लेटे थे। खूब कमजोर हो गए थे । बोल नहीं पा रहे थे। आंखों से आंसू बह रहे थे। मैं उनसे लिपटकर स्वयं को रोक नहीं पायी... सारे बांध तोड़कर ...खूब तबीयत से रोयी...फिर अचानक सोचा यह क्या कर रही हूं ? इससे तो उनको तकलीफ ही दे रही हूं। कहा ...बाबा! डॉक्टर से बात हुई है ...ठीक हो जाओगे... चिंता नहीं करनी है। उनका बायां हाथ बार-बार हिल रहा था ...जैसे उठाकर कुछ कहने की कोशिश में हों। भाई और ड्राइवर पानी-वानी लेने गए थे तो मैंने देखा हाथ में एक कागज का पुर्जा दबा है। पुर्जा हाथ से निकाल कर पढ़ा तो लिखा था.... तू जमीन जायदाद और रुपये पैसे में चौथे नंबर की... बराबर की हकदार है ...तेरी मर्जी के बिना तेरा हक कोई नहीं ले सकता... बिना झिझक मांग लेना। सबसे बड़ी क्लास पास करना। पढ़ती रहना। दुखी मत होना। अब शायद ही लौट कर आऊंगा। आखिरी पंक्ति पढ़कर रुका नहीं गया ...उनकी छाती पर गिरकर... खूब रोई। पीएच.डी की डिग्री वाले पॉलिथीन में ही वह पुर्जा भी रखा है... पर मैला हो गया है ...लेकिन अक्षर ज्यों के त्यों हैं। बाद में पता चला था कि उन दिनों बैंक मैनेजर और वकील के पास जाकर अपनी सारी संपत्ति को दोनों भाइयों और हम दोनों बहनों में बांट आए हैं। मैनेजर उनके दोस्त भी थे। मेरे लिए यह पुर्जा उनसे ही लिखवाया था। बाबा आज इस दुनिया में नहीं है। उनकी बुलेरी विश्वविद्यालय में सीनियर प्रोफेसर है। उसका नाम है। शोहरत है। करीब दस दिन बाद पता चला था कि ऑपरेशन सफल नहीं हुआ। वे नहीं रहे। हमारे यहां रिवाज है कि बाप के अंतिम संस्कार में बेटी शरीक नहीं हो सकती। क्यों नहीं हो सकती...? यह मैं नहीं जानती... लेकिन अगले ही पल सोचती हूं कि क्या हमारे यहां बाप की जायदाद में से बेटी को हक बराबर का मिलता है नहीं ?... लेकिन मुझे तो मिला है ...याद करके वह पुर्जा मेरी आंखों के सामने घूम गया। निखिल गाड़ी निकाल रहा है। उदास मन से मैंने तुरंत कहा, निखिल मैं भी चल रही हूं अंतिम दर्शनों के लिए। घर के पीछे ही खेत में उनकी चिता बनाई गई है। हमारा पूरा परिवार..शहर के मौजिज लोग ...उनकी चिता को घेर कर खड़े हैं। वहां महिला कोई नहीं है। मैं और निखिल दोनों धीरे-धीरे ...भारी कदमों से घर के मुख्य द्वार से पिता की चिता की तरफ बढ़ रहे हैं ...मुख्य द्वार से निकलते हुए उसी गैलरी को पार कर रही हूं ...जहां से रात को तीन बजे बाबा ने निखिल के साथ विदा किया था। बाबा फूट-फूट कर रोए थे उस दिन और हमारा कुत्ता झबरू ने मेरा रास्ता रोक लिया था कि नहीं जाने दूंगा। हमारे घर की औरतों ने तो वह गीत भी शुरू कर दिया था... जिसे सुनकर दुनिया का कोई भी बाप बिना रोए रह ही नहीं सकता कि... 'मेरी गुड़िया भुल्ली हो ...बाबुल तेरे आळे म्हं... स्मृति में एक घटना किसी चलचित्र की तरह घूम रही है ...सामने ही बाबा की चिता है। चाचा- ताया ...परिवार के बुजुर्ग विस्मय से देख रहे हैं। मैनेजर अंकल ने सब को रोकते हुए ...मुझे अंक में भर लिया है और सफेद चादर में लिप्त.. चिता के पास ले गए हैं.. उन्होंने धीरे से मुंह से कपड़ा हटा दिया है... बाबा शांत लेटे हैं... जैसे सो रहे हैं। लगता है कि वह अभी कहेंगे बुलेरी... खूब पढ़ना ...सब क्लासें पास कर लेना ...तू हमारे परिवार की सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी लड़की है। सोचकर मैंने अपनी पीएचडी की डिग्री को आंखों से लगा लिया है और मन में ही अपने बाबा से आशीर्वाद लिया है..।

---

कविता

महेन्द्र सिंह बिलोटिया



## वीरों का गौरव गान

ये भारत देश महान, जहां पर वीर हुए कुर्बान

हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई , आपस में सब भाई भाई
भगतसिंह को फांसी लाई, हुआ आजादी ऐलान
ये भारत देश महान, जहां पर वीर हुए कुर्बान

तुम नमन करो मर्दानों को, उन आजादी के दीवानों को
अमर शहीद बलिदानों को, यहां फिर भेजो भगवान
ये भारत देश महान, जहां पर वीर हुए कुर्बान

करी पर्वत कैसी आड़ तुम्हे, अंग्रेज दिये थे काढ़ तुम्हें
ये भूमि करती लाड तुम्हें, और जयहिंद करे जहान
ये भारत देश महान, जहां पर वीर हुए कुर्बान

जब तक चांद और तारा है, रोशन नाम तुम्हारा है
कहे महेंद्र सिंह प्यारा है, हम सब को हिन्दुस्तान
ये भारत देश महान, जहां पर वीर हुए कुर्बान

कविता

पंकजोम प्रेम



## यार पुराना छोड़ दिया

उसने भी रिश्ता दिल से निभाना छोड़ दिया है
सो मैंने भी वो यार पुराना छोड़ दिया है

अब मैं भी राहों में उस से हंस कर मिलता हूं
और उसने भी नज़रों को बचाना छोड़ दिया है

अब अपना दुःख किसी आगे जाहिर नहीं करता
अब मैंने अपना तमाशा बनाना छोड़ दिया है

देख के मेरा फूलों का यूं बढ़ता कारोबार
दुश्मनों ने भी हथियार बनाना छोड़ दिया है

क्यूँ रुसवा बैठी है घर पर इक इक पनिहारी
क्यूँ प्यासों ने पनघट पे आना छोड़ दिया है

तुम भी मत किया करो मुझ से यूं घुमा के बातें
मैंने भी तो ये खेल दिखाना छोड़ दिया है

दोहे

नरेश शांडिल्य



## अध्यात्म

उतना पाया पार मैं, जितना पाया डूब।
ख़ूब जिया मैं ज़िन्दगी, पिया ज़हर जब ख़ूब।।

जो कहता मैं जानता, वो निकला अनजान।
जो कहता अनजान हूँ, वही सका कुछ जान।।

खुद को रोता देखकर, सखी हँसा मैं ख़ूब।
ख़ुद ही ख़ुद मैं तर गया, ख़ुद ही ख़ुद में डूब।।

खुद से गहरा औ' बड़ा, लगा न और सवाल।
टाले लाख वबाल पर, ख़ुद को सका न टाल।।

ख़ुद में ही जब है ख़ुदा, यहां-वहां क्यों जाय।
अपनी पत्तल छोड़कर, तू जूठन क्यों खाय।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**हास्य-व्यंग्य से हरियाणवी जीवन, संस्कृति और सामाजिक मुद्दों पर दी समाज को नई दिशा देने वाले वरिष्ठ रचनाकार एवं कवि ओम प्रकाश चौहान का आधुनिक युग में साहित्य के सामने चुनौतियों को लेकर मानना है कि पिछले कुछ वर्षों से मानवीय जीवन मूल्यों में बदलाव हुए हैं और गिरावट भी आई है, इसलिए इस बदलते परिवेश में साहित्यिक साधना या सुरुचिपूर्ण जीवनशैली प्रभावित हुई है।**

साक्षात्कार

ओ.पी. पाल

# साहित्य संवर्धन में नैतिकता और आध्यात्म भी अहम: ओपी चौहान

साहित्य जगत में लेखक एवं साहित्यकार विभिन्न विधाओं में सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर साहित्य संवर्धन करके समाज को सकारात्मक संदेश देते आ रहे हैं। ऐसे ही हिंदी एवं हरियाणवी भाषा के मूर्धन्य विद्वान एवं प्रबुद्ध साहित्यकार ओम प्रकाश चौहान ने विभिन्न विधाओं में साहित्य सृजन करते हुए समाज में बाल मनुहार से बुजुर्गों तक के मन को छूते हुए हरियाणा के ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय-साहित्यिक-क्षितिज को अपने साहित्यिक सेवा से आलोकित किया है।

गद्य और पद्य दोनों प्रारूपों मे उन्होंने काव्य के विविध रूपों यथा-यात्रा-वृत्तान्त, जीवनी, हास्य-व्यंग्य, पुस्तक-समीक्षा, तथा रिपोर्ताज आदि साहित्यिक विधाओं पर लेखन में एक हास्य कलाकार और बहुमुखी साहित्यिक प्रतिभा के रूप में पहचान बनाई है। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान ओ.पी. चौहान ने अपने साहित्यिक सफर को लेकर कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें सामाजिक सरोकारों के मुद्दों के साथ नैतिकता और आध्यात्मिकता भी साहित्य संवर्धन में महत्वपूर्ण है, ताकि भारतीय संस्कृति को जीवंत रखा जा सके। हास्य कवि ओम प्रकाश चौहान का जन्म 6 मार्च, 1954 को हिसार जिले के गांव मोठ करनैल में जुगलाल चौहान और मिसरी देवी के घर में हुआ था। आर्थिक दृष्टि से निर्धन होते हुए भी उनका पारिवारिक परिवेश सुसंस्कारी एवं संवेदनशील रहा। उनके माता-पिता धार्मिक प्रवृत्ति के सद्गृहस्थ थे, इसी का ही परिणाम है कि उदात्त मानवीय गुण आए, जो उन्हें साहित्य पढ़ने और रचने की अभिरुचि की ओर अग्रसर करते चले गए। दूसरी तरफ उनके पिता महाकवि सूरदास, संत कबीर दास, संत शिरोमणि रविदास आदि की वाणियां सुनते सुनाते थे, तो इसके प्रभाव के कारण बचपन में ही उन्हें लेखन करने की प्रेरणा मिलने लगी।

राजपूत लखेरा समाज से संबंध रखने वाले ओम प्रकाश चौहान का बचपन भले ही निर्धनता भरे माहौल में गुजरा हो, लेकिन उनके पिता का अपने परिवार के प्रति समर्पण सदैव सुखद रहा है। जुलाना कस्बे में पले-बढ़े-पढ़े और प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय जुलाना मंडी जींद में हुई। उन्होंने दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रभाकर और ओ.टी. की परीक्षा पास की। उसके बाद वह जींद में जुलाना के संस्कृत महाविद्यालय में प्रभाकर की शिक्षा देने लगे। सनातन धर्म उच्च विद्यालय जींद में हिंदी अध्यापक के पद पर करीब 12 वर्ष तक कार्य किया। इसके बाद उन्होंने पारिवारिक परिस्थितियों के कारण सरकारी सेवा में आने का निर्णय लिया और वह नवम्बर 1991 में सरकारी सेवा में आ गये। उन्होंने आरंभ में अनेक हरियाणवी भजन लिखे, जो कीर्तन के रूप में स्थानीय लोगों द्वारा गाए जाने लगे। व्याकरण सम्मत परिमार्जित भाषा के अध्ययन के कारण इन्हें हिन्दी लेखन अधिक रुचिकर लगने लगा और उन्होंने हिन्दी में अपनी प्रथम कहानी 'दूसरा पत्र' लिखी, जिसे पाठकों ने खूब सराहा। बकौल ओपी चौहान, उन्होंने अपने साहित्य सृजन में गद्य और पद्य दोनों प्रारूप को समान स्थान दिया। गद्य विधा में उन्होंने निबंध, लघुकथाएं, कहानियां, यात्रा कृतांत और विनोद वार्त्ताएँ लिखीं, तो वहीं पद्य में कविता, गजल, दोहे, रागनियां और भजन लिखे हैं। साल 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद उनके भीतर अलग तरह की प्रेरणा समा गई थी। जिसके फलस्वरूप उन्होंने हिन्दी में देशभक्तिपूर्ण रचनाएं लिखना आरम्भ किया। उनकी साहित्यिक साधना में आत्मानंद की अनुभूति, कर्त्तव्यपरायणता का जज्बा, राष्ट्रीय चेतना और पूर्वजों द्वारा धर्मपरायणता की सिद्धि मूल में रही हैं। इसलिए वह निराशा के पलों में भी प्रफुल्लित रहते हुए अपनी कविताओं में रस, छंद, अलंकार, शब्दशक्ति, शब्दरीति, काव्यगुण आदि को सदैव महत्व देते रहे हैं। हरियाणा बाल साहित्य को ओपी चौहान का योगदान विषय पर कुरुक्षेत्र विवि में एमफिल की जा चुकी है।

उनका कहना है कि स्वाध्याय मानव को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ता है समुचित दिशा देता है अतः युवाओं को स्वाध्याय अपनाना चाहिए। समाज और संस्कृति को जीवंत रखने के लिए साहित्यकारों व लेखकों को भी इसी आधार पर श्रेष्ठ साहित्य सृजन करना आवश्यक है, जो मानव जीवन का मूल उद्देश्य भी है।

### प्रकाशित पुस्तकें

ओपी चौहान अभी तक तीन दर्जन पुस्तकें लिख चुके हैं, जिनमें प्रकाशित 15 पुस्तकों में हिंदी भाषा की कृतियों में कविता संग्रह-प्रथम प्रपात, अमृत प्याला जिन्दगी, प्रबन्ध काव्य-जिन्दगी, विनोद वार्ताएं-श्रीमती ने पत्र लिखा, बाल साहित्य में बाल गीत माला गर्वित, अर्पिता, हर्ष बाल गीत के अलावा नानी की कहानियां और बाल निबन्ध-वाटिका सुर्खियों में हैं। उनके हरियाणवी भाषा की रचनाओं में वीराख्यान प्रबन्ध काव्य-मेवाड़ का शेरः महाराणा प्रताप, भजन संग्रह-आराधना के गीत और गजल संग्रह-ऐसे मन बहलाया जाए पाठकों के बीच हैं।



ओम प्रकाश चौहान

### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा साहित्य अभिनंदन योजना 2022 के पं. माधव प्रसाद मिश्र सम्मान से अलंकृत वरिष्ठ साहित्यकार ओम प्रकाश चौहान को अब तक अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्हें साहित्य सारथी सम्मान, इन्दिरा-स्वरुप स्मृति साहित्य श्री सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान के अलावा शैक्षणिक, समाजिक एवं सांस्कृति क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अनेक पुरस्कार व सम्मान के अलावा प्रशस्ति पत्र, प्रशंसा पत्र और अन्य प्रमाण पत्रों से भी नवाजा जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** :ओम प्रकाश चौहान
**जन्मतिथि** : 6 मार्च, 1954
**जन्म स्थान** : मोठ करनैल, हिसार (हरियाणा)
**शिक्षा** : एम.ए.(हिंदी), एम.फिल., प्रभाकर, संगीत भूषण
**संप्रति** : सेवानित्त शिक्षक, कवि, रचनाकार, साहित्यकार, समाजसेवी

---

# द कम्पलीट हैंडबुक ऑफ न्यूज रिपोर्टिंग: इंक टू पिक्सल






पुस्तक :द कम्पलीट हैंडबुक ऑफ न्यूज़ रिपोर्टिंग: इंक टू पिक्सल
लेखक : डॉ. अनुज नरवाल 'रोहतकी'
मूल्य : 1895 रुपये
प्रकाशक : एसएसडीएन पब्लिशर्स, नई दिल्ली

पुस्तक समीक्षा

शशि कांत चौहान

द कम्पलीट हैंडबुक ऑफ न्यूज़ रिपोर्टिंग: इंक टू पिक्सल" डॉ. अनुज नरवाल 'रोहतकी' द्वारा लिखित एक व्यापक और समृद्ध पुस्तक है, जो पत्रकारिता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह पुस्तक पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों से लेकर डिजिटल युग की नवीनतम तकनीकों तक के विस्तृत पहलुओं को समेटती है।

लगभग दो दशकों के अनुभव के साथ, डॉ. नरवाल ने इस पुस्तक में पत्रकारिता के परंपरागत और आधुनिक दोनों स्वरूपों को संतुलित ढंग से प्रस्तुत किया है। यह पुस्तक न केवल पत्रकारिता के छात्रों, बल्कि शोधकर्ताओं, शिक्षकों और पेशेवर पत्रकारों के लिए भी एक अमूल्य संसाधन है। पुस्तक को दस अध्यायों में विभाजित किया गया है, जो पत्रकारिता के विभिन्न आयामों को व्यवस्थित रूप से कवर करते हैं। प्रत्येक अध्याय में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग का संतुलन बनाया गया है। पुस्तक की सामग्री में निम्नलिखित प्रमुख विषय शामिल हैं। इस अध्याय में समाचार की अवधारणा, संरचना, और मूल्यों के साथ-साथ प्रिंट, रेडियो, टेलीविजन, और डिजिटल मीडिया के लिए लेखन और संपादन तकनीकों को समझाया गया है। यह पत्रकारिता के नैतिकता और समकालीन मुद्दों पर भी प्रकाश डालता है। समाचार स्रोतों, सूचना संग्रह के उपकरणों, और स्रोतों के विकास की तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की गई है। 5 डब्ल्यू और 1एच की संरचना और इनवर्टेड पिरामिड पैटर्न जैसे लेखन ढांचों को समझाया गया है।अपराध, अदालत, शिक्षा, खेल, मौसम, और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त करने की तकनीकों को रेखांकित किया गया है। साक्षात्कार, प्रेस कॉन्फ्रेंस, और तत्काल कवरेज जैसे विषयों पर गहन जानकारी दी गई है। सत्य, निष्पक्षता, और विविधता जैसे पत्रकारीय मूल्यों के साथ-साथ लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका पर चर्चा की गई है। मीडिया साक्षरता और कन्वर्जेंस जैसे आधुनिक विषयों को शामिल किया गया है। येलो जर्नलिज्म, खोजी पत्रकारिता, और डेटा पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों की गहन पड़ताल की गई है। डॉ. नरवाल ने इस पुस्तक के माध्यम से नई पीढ़ी के पत्रकारों को संवेदनशील, सजग, और साहसी बनने के लिए प्रेरित किया है। यह पुस्तक हर उस व्यक्ति के लिए अनिवार्य है, जो पत्रकारिता को समझना और अपनाना चाहता है। लेखक इस पुस्तक के लिए साधुवाद के पात्र हैं।

## खबर संक्षेप

### हमले के विरोध में पुलिस संगठन की बैठक कल

**हिसार।** 12 क्वार्टर क्षेत्र में पुलिस कर्मचारियों पर हुए हमले के विरोध में हरियाणा पुलिस संगठन ने 22 जुलाई मंगलवार को सुबह 10 बजे क्रांतिमान पार्क में आपात बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह स्याहड़वा करेंगे। यह जानकारी देते हुए संगठन की वरिष्ठ जिला उप प्रधान रामरूप शर्मा ने बताया कि बैठक में पुलिस कर्मचारियों पर हुए हमले के अलावा साथ सरकार व प्रशासन के ढुलमुल रवैये पर भी खुलकर चर्चा होगी। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

### कैमरी में जागरूकता शिविर का आयोजन

**हिसार।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की ओर से देशभर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के खाताधारकों की री केवाईसी प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए तीन माह का शत-प्रतिशत नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत कैमरी में शिविर का आयोजन किया गया, जो कि जिला अग्रणी बैंक अधिकारी (एलडीएम) विनोद कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि 26 ग्राम पंचायतों में विभिन्न बैंकों द्वारा अभी तक विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है।

### पुलिस ने अवैध शराब के आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** भुना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की है। थाना भुना के प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं निगरानी ड्यूटी पर थी, इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अमरजीत उर्फ बच्ची पुत्र रघुवीर सिंह निवासी वार्ड नंबर 4, भुना अपने घर में अवैध रूप से देशी शराब बेचने का कार्य करता है और इस समय उसके पास भारी मात्रा में नाजायज शराब मौजूद है।

### सुंदर नगर पार्क में लगाए विभिन्न पौधे

**टोहाना।** शहर के दमकोरा रोड स्थित सुंदर नगर में बने पार्क में रविवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विजय शर्मा, सुमन शर्मा एवं पूर्व पार्षद देशराज बीका सहित वार्ड के अनेक लोग पहुंचे। पार्क में पीपल, जामुन, कचनार, रबर, फिकस सहित अनेक तरह के पौधे रोपित किए गए। एसडीओ ने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर प्रकृति के संतुलन में अपना योगदान देना चाहिए।

### रमेश गोयल और प्रवीन बने ट्रिब्यूनल के सदस्य

**टोहाना।** उपमंडल स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में गठित ट्रिब्यूनल के लिए टोहाना के सामाजिक कार्यकर्ता हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के संरक्षक एवं अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान रमेश गोयल, परवीन सुनेहा को गैर सरकारी सदस्य नियुक्त किया है।

---

### खाद विक्रेता को रिकॉर्ड में गड़बड़ी पर नोटिस जारी

# सीएम फ्लाइंग ने खाद की तीन दुकानों पर मारे छापे

**किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध करवाई जा रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना व टीम के अधिकारी खाद की दुकानों की जांच करते हुए।

सीएम फ्लाइंग टीम ने रविवार को जिले के नारनौंद क्षेत्र स्थित खेड़ी चौपटा और राखी शाहपुर गांव में खाद विक्रेताओं की दुकानों और गोदामों पर छापेमारी कर जांच की। इस दौरान दो दुकानों का स्टॉक और रिकॉर्ड सही पाया गया, जबकि एक दुकान पर रिकॉर्ड और स्टॉक में भिन्नता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। छापेमारी का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया।

उनके साथ कृषि विभाग से गुण नियंत्रक निरीक्षक डॉ. प्रियंका, एपीपीओ अरुण कुमार, एएसई सुरेंद्र और एचसी विजय मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग इन्चार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को शिकायत मिली थी कि कुछ खाद विक्रेताओं के पास डीएपी और यूरिया का अनधिकृत स्टॉक हो सकता है। इसी आधार पर टीम ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए खेड़ी चौपटा में स्थित दो दुकानों का निरीक्षण किया।पहली रेड श्योराण ट्रेडिंग कंपनी पर हुई, जहां दुकानदार सतबीर सिंह की मौजूदगी में रिकॉर्ड और गोदाम की जांच की गई। यहां यूरिया और डीएपी खाद नहीं मिला और दुकान का लाइसेंस व रिकॉर्ड भी दुरुस्त पाया गया। दूसरी जांच श्री राम ट्रेडिंग पर की गई, जहां गोदाम में 250 बैग डीएपी और 1175 बैग यूरिया पाए गए। लेकिन जब इनका मिलान पीओएस मशीन में दर्ज रिकॉर्ड (1651 बैग) से किया गया तो गड़बड़ी पाई गई। इस रिकॉर्ड में अनियमितता के चलते संबंधित विक्रेता को कृषि विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया।

इसके बाद टीम ने राखी शाहपुर गांव में स्थित एक अन्य खाद विक्रेता की दुकान पर छापा मारा, जहां 1015 बैग यूरिया और 1095 बैग डीएपी पाए गए। इनका रिकॉर्ड सही मिला।सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने कहा कि सरकार की स्पष्ट हिदायत है कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध करवाई जा रही है। यदि कोई दुकानदार अवैध रूप से खाद का भंडारण करता है या कालाबाजारी में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# धरने के समर्थन में आए मेयर पोपली

- ठेका हटाओ धरना 39वें दिन भी जारी, नागरिकों ने गाए भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** ठेका हटाने के लिए चल रहे धरने पर भजन गाते नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका के विरोध में चल रहा धरना रविवार को 39वें दिन भी जारी रहा। इसी कड़ी में पड़ाव चौक स्थित काका बर्तन स्टोर में पवन काका (प्रधान अग्रवाल ग्रुप) ने अग्रसेन मार्केट के शिष्टमंडल जिसमें अंशुल सिंगल व समाजसेवी अशोक मंगालीवाला के प्रतिनिधि संजय गोयल मेयर प्रवीण पोपली से मिले।

मेयर प्रवीण पोपली ने शिष्टमंडल को कहा कि ठेका हटाओ धरना को उनका खुला समर्थन है। यह सारा प्रकरण हरियाणा सरकार के ध्यान में है और अधिकारी ठेका शिफ्ट करवाने के लिए ठेकेदार को बोल चुके है।

डॉ. विनोद राजलीवाला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन मार्केट में चल रहे धरना को प्रशासन हल्के में ना लें, यदि शीघ्र ही ठेका शिफ्टिंग की ठोस कारवाई नजर नहीं आती है तो फिर से अग्रसेन मार्केट को पूर्ण रूप से बंद किया जा सकता है। इस पर सभी दुकानदारों ने सहमति जताई।

# विद्युत नगर में जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** उद्घाटन अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि रजनीश गर्ग, डॉ. कमल शर्मा व एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी।

विद्युत नगर स्थित बैडमिंटन हाल में हिसार जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमें 11, 13, 15 ,17, 19 आयु वर्ग व ओपन आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग ले रहीं हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिजली निगम के मुख्य अभियंता मानव एवं प्रशासन रजनीश गर्ग मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता 22 जुलाई तक चलेगी।

इसमें लगभग 250 लड़के व लड़कियां विभिन्न आयु वर्ग में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर रजनीश गर्ग ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा यह आश्वासन दिया कि भविष्य में विद्युत नगर के बैडमिंटन हॉल को और भी अच्छी से अच्छी सुविधाएं दी जाएगी ताकि हिसार व हरियाणा में बैडमिंटन खेल को और बढ़ावा मिल सके। उन्होंने बताया कि एचपीएस जी. बैडमिंटन नर्सरी, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर हिसार बैडमिंटन खेल के विकास में हरियाणा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। यहां पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ियों को प्रैक्टिस की निशुल्क सुविधा व अंतरराष्ट्रीय सातारा के कोच विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

---

# केसों का बोझ घटेगा, समाधान बढ़ेगा

- जिला न्यायालय में मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान के तहत एक नई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



सीजेएम अशोक कुमार।

जिला न्यायालय में मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान के तहत एक नई पहल की गई है, जो आमजन को शीघ्र और सरल न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बनकर उभर रही है।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस अभियान के तहत न्यायिक प्रक्रिया को कम जटिल और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई तक उपयुक्त मामलों को हिसार स्थित मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाएगा, जहां उनका समाधान आपसी सहमति से किया जाएगा। इससे न्याय पाने की प्रक्रिया न केवल सरल होगी, बल्कि पक्षकारों को संवाद के माध्यम से आपसी मतभेद सुलझाने का अवसर भी मिलेगा। सीजेएम अशोक कुमार के अनुसार, इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटना दावे, चेक बाउंस, सेवा विवाद, वाणिज्यिक तथा उपभोक्ता मामले, विभागीय वसूली, भूमि अधिग्रहण, बेदखली और अन्य ऐसे सिविल प्रकरणों को शामिल किया गया है, जो आपसी समझ से सुलझाए जा सकते हैं। सीजेएम ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के मुकदमे इस समय अदालतों में लंबित हैं, वे भी न्यायालय से अनुरोध कर सकते हैं कि उनका केस मध्यस्थता केंद्र को भेजा जाए। यह प्रक्रिया समय, धन और मानसिक ऊर्जा की बचत करती है, साथ ही न्यायिक तंत्र पर बोझ भी घटाती है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिले भर में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़ें और न्याय के इस वैकल्पिक मार्ग का लाभ उठा सकें। मध्यस्थता वह माध्यम है, जहां पक्षकार एक-दूसरे के साथ संवाद कर समाधान खोजते हैं।

# अध्यापक संघ आज प्रदर्शन कर सौंपेगा ज्ञापन

- अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने किया जबकि राज्य ऑडिटर पवन कुमार विशेष रूप से शामिल रहे।

अध्यापक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग को सिकोड़ने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्कूल प्रबंधन कमेटी का गठन मई माह में ही कर दिया गया था, लेकिन अब सरकार ने फरमान जारी किया है कि पहली कक्षा से पांचवीं के विद्यालयों की प्रबंधन समिति को 10वीं व 12वीं कक्षा तक के स्कूलों के साथ सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन कमेटी की एक यूनिट बनाने के बहाने सरकार स्कूलों को मर्जिंग के नाम पर बंद करने की योजना पर काम कर रही है। राज्य ऑडिटर पवन कुमार ने बताया कि 9 जून को एसीएस शिक्षा विभाग के साथ कुछ मामलों पर सहमति बनी थी लेकिन अब उनको लागू नहीं किया जा रहा है। यह अध्यापकों के साथ सरासर वादा खिलाफी है, जिसका हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ विरोध करता है।

#### ये हैं मांगें

जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा ने बताया कि अध्यापकों के एसीपी, मेडिकल प्रतिपूर्ति आदि के मामले जिला स्तर व राज्य स्तर पर अटकाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अध्यापकों की मांगों को लेकर अध्यापक संघ 21 जुलाई से खंड स्तर से लेकर जिला स्तर पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपेंगा। जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि अध्यापक संघ एक से 3 अगस्त तक स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया के गठन के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष पर ब्लॉक स्तर व जिला स्तर पर कन्वेंशन का आयोजन करेगा। बैठक में जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुमन देवी, जिला आमंत्रित सदस्य विजय कुमार, खंड अग्रोहा के प्रधान नरेंद्र कुमार, खंड बरवाला के प्रधान बाबूलाल, कैशियर सत्यवान, खंड हिसार द्वितीय के प्रधान अशोक यादव, आदि मौजूद रहे।

---

# ट्रस्ट ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

- मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट ने करवाई पेंटिंग, मेहंदी व सिलाई शिक्षा की प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर




**आदमपुर।** प्रतिभाओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि रेनू सांखला, राजाराम पवार व संस्था के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

समाजसेवी संस्था मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट की ओर से आदमपुर हाउसिंग बोर्ड स्थित संत नामदेव मंदिर में रविवार को मेहंदी, पेंटिंग प्रतियोगिता तथा सिलाई प्रशिक्षण में अव्वल रहने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

संस्था के प्रधान विनोद वर्मा ने बताया कि इसमें मुख्य अतिथि नामदेव समिति महिला विंग की प्रधान रेनू सांखला, शिक्षाविद गिरदावरी शर्मा, छिंपा धर्मशाला के प्रधान राजाराम पवार तथा पदाधिकारियों ने चार माह का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली युवतियों व महिलाओं तथा पेंटिंग में मेहंदी प्रतियोगिता में अब्बल रहने वाली युवतियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि रेनू सांखला ने सिलाई शिक्षा केंद्र के नए बैच का भी शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि सिलाई सीख कर महिलाएं अपने परिवार के कपड़े सील पाएंगी वहीं आवश्यकता पड़ने पर वह इसे रोजगार के रूप में भी अपना सकती है तथा अपने परिवार का पालन पोषण भी कर सकती है।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि हमें बुजुर्गों का मान सम्मान करना चाहिए तथा अपनी सभ्यता संस्कृति का ध्यान रखते हुए एक दूसरे से अच्छा व्यवहार करना चाहिए ताकि समाज में अच्छा संदेश जा सके। इस मौके पर क्लब सदस्यों ने अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया किया। इस अवसर पर पवन बंसल, मक्खन बिश्नोई, कृष्ण गोयल, सुभाष खाबड़ा, हीरालाल शर्मा, देवीलाल, रोशन भाद्दू, मंजू रानी, शकुंतला देवी, नीतू बंसल व कृष्णा देवी सहित अनेक महिलाएं, ट्रस्ट सदस्य तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 300 मिनट में लगाये 400 पौधे

- ग्रीन ग्लोबल ग्रुप हिसार शहर को स्वच्छता में प्रथम लाने पर आमादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ग्रीन ग्लोबल ग्रुप के सदस्यों के साथ पौधरोपण करते हुए।

ग्रीन ग्लोबल ग्रुप हिसार की ओर से रविवार सुबह युद्ध स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाते हुए सेक्टर 1-4 व 3-5 के मुख्य रोड पर दवाई फैक्ट्री से पुल तक पौधारोपण किया गया। ग्रुप के सदस्य हरिसिंह ने बताया कि 300 मिनट में लगभग 400 पौधे लगाये गये जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

इसका समापन नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली ने पौधा लगाकर किया। इस अभियान में ग्रुप से जुड़े हरिसिंह, माया देवी बैरवा, कविता वर्मा, खजाना राम, राजकुमार, मास्टर दीपक, कुलदीप, बजरंग, योगेश सिंधु, पवन कुमार, सुरेंद्र कुंडू, अजय, विजय, दीपक आदि का पूर्ण सहयोग रहा। ग्रीन ग्लोबल ग्रुप हिसार पिछले छह वर्षों से हिसार को स्वच्छ और हरा-भरा करने के लिए जुटा हुआ है। ग्रुप के सदस्य सुबह 4 बजे उठकर और साढ़े 8 बजे तक चुने हुए स्थान पर कार्य करते हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण में हिसार का रैंक 59वां नंबर आया है। ग्रुप कूड़े के ढेरों को ग्रीनरी में तब्दील करने का काम कर रहा है। शहर को स्वच्छ रखने में सभी हिसार वासियों का, नगर निगम के प्रशासनिक अधिकारियों का और ग्रीन ग्लोबल ग्रुप के योद्धाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। ग्रुप का सपना है कि हमारा हिसार शहर स्वच्छता सर्वेक्षण और हरियाली में पूरे भारत वर्ष में प्रथम स्थान पर आये।

---

# एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया

- माडल टाऊन स्थित महाराजा अरूट पार्क में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** पौधरोपण करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

माडल टाऊन स्थित महाराजा अरुट पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाकर पौधारोपण किया गया। इस अभियान में महाराजा अरुट महासभा, शहीद मदनलाल ढींगरा पार्क समिति और रोटरी क्लब के सदस्यों तथा उनके परिवारों ने उमंग और उत्साह के साथ प्रतिभागिता की।

मेयर प्रवीण पोपली व पूर्व मेयर गौतम सरदाना भी शामिल हुए। मेयर पोपली ने पौधरोपण को भविष्य के लिए एक स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने महाराजा अरुट सभा के प्रधान मेहरचंद मनचंदा और सचिव जितेन्द्र भारती द्वारा उनके समक्ष रखी महाराजा अरुट भवन स्थापित करने की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रधान मेहर चंद मनचंदा ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाते है, बल्कि सामुदायिक एकता और सहयोग का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते है।

### ओशो ध्यान उपवन में शिव ध्यान शिविर का आयोजन

# शिव के विज्ञान भैरव तंत्र की ध्यान विधियां बताई

- भगवान शिव आत्म साक्षात्कार करने व परम सत्य को जानने के लिए करते हैं प्रेरित : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में आयोजित शिव ध्यान शिविर में हिस्सा लेते साधक।

शिवरात्रि के उपलक्ष्य में ओशो ध्यान उपवन में शिव ध्यान शिविर का आयोजन किया गया।

पटना से विशेष रूप से पधारे आचार्य प्रभाकर ने भगवान शिव के विज्ञान भैरव तंत्र पर आधारित ध्यान विधियों से रूबरू करवाया। शंकराचार्य जी की परंपरा से जुड़े आचार्य प्रभाकर ने शिव की महिमा बताते हुए ध्यान साधना को दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर बल दिया। उन्होंने सतगुरु ओशो की देशनाओं से भी साधकों का साक्षात्कार करवाया। भगवान शिव ध्यान और जागरूकता के प्रतीक हैं। उनका जीवन एक मार्गदर्शक है जो इंसान को आत्म साक्षात्कार करने और परम सत्य को जानने के लिए प्रेरित करता है। भगवान शिव सादगी और साधारण जीवन के भी प्रतीक हैं। उन्हें जानने वाला इंसान समझ सकता है कि साधारण जीवन जीते हुए भी उच्च चेतना का अनुभव किया जा सकता है। यह दर्शाता है कि मनुष्य अपने सांसारिक जीवन में रहते हुए भी आध्यात्मिक विकास कर सकता है।

#### उल्लासित जीवन व्यतीत करने का आह्वान

ओशो ध्यान उपवन के संचालक एवं शिव ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने शिवरात्रि की बधाई देते हुए सभी साधकों को आनंदित व उल्लासित जीवन व्यतीत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन ग्रंथ विज्ञान भैरव तंत्र में भगवान शिव की 112 विधियां बताई गई हैं। ये सभी विधियां मानवता की भलाई के लिए हैं। स्वामी संजय ने बताया कि भगवान शिव का मार्ग ध्यान, मौन और अनुभव पर आधारित है। विज्ञान भैरव तंत्र में बताई गई विधियां इंसान को ध्यान के माध्यम से आत्म साक्षात्कार या सर्वोच्च चेतना तक पहुंचाने में सहायक होती हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञान भैरव तंत्र की विशेषता है कि इस ग्रंथ की ध्यान विधियां सीधे अनुभव पर आधारित हैं। ये विधियां विभिन्न प्रकार की संवेदनाओं, ध्वनियों और शारीरिक अनुभवों के माध्यम से ध्यान करने का मार्ग बताती हैं।

खबर संक्षेप


हिसार। एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा आयोजित वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे पर उपस्थित पदाधिकारी।

## एनआईआरसी ब्रांच ने मनाया वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे

**हिसार।** चर्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सीए मानस चुघ ने लेखा परीक्षकों के दृष्टिकोण से आयात व निर्यात विनियमन विषय पर विशेष चर्चा की और आयात व निर्यात विनियमन के विविध आयामों को समझाया। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस दिन का उद्देश्य युवाओं को रोजगार, उद्यमिता और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के महत्व को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि यह दिवस यह भी दर्शाता है कि कौशल विकास सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, गरीबी उन्मूलन और आर्थिक वृद्धि के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास की भी निरंतर जरूरत है। अपने कार्य में कुशल इंसान प्रोफेशनल लाइफ में जल्दी कामयाब हो सकता है।



## गोदांबा माता उत्सव धूमधाम से शुरू

**हिसार।** उत्तर व दक्षिण भारत के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में दस दिवसीय गोदांबा माता उत्सव की शुरुआत धूमधाम से हुई। पूरे विधि विधान से माता गोदांबा की पूजा व आराधना की गई। माता गोदांबा के विग्रह को रथ में स्थित पालकी में विराजमान करके सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा धाम जय श्रीमन्ननारायण, जय भगवान वेंकटेश व जय माता गोदांबा के उदघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने रथ को अपने हाथों से खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की और धाम की परिक्रमा की। सवारी शोभा यात्रा के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। उत्सव 28 जुलाई तक जारी रहेगा और हर रोज विधानस्वरूप माता गोदांबा की सवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। माता गोदांबा को भूदेवी का अवतार माना जाता है। माता गोदांबा का आविर्भाव एक बालिका के रूप में भगवान के परमभक्त श्री विष्णुचित्त के नंदनवन में तुलसी के पौधे की छाया में हुआ। भगवान के प्रति भक्ति और प्रगाढ़ आस्था के चलते माता गोदांबा भगवान विष्णु के श्री रंगनाथ स्वरूप में पति-परमेश्वर की छवि देखने लगी।

# जल भराव की स्थिति का जायजा लेने अधिकारियों को साथ लेकर फील्ड में उतरे विधायक भयाना

## भाटला व चैनत गांव के खेतों का दौरा कर जल भराव की स्थिति देखी

अधिकारियों को तमाम प्रबंध पूर्ण करके तीन दिन के अंदर पानी निकासी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। खेतों में जाकर जल भराव की स्थिति का जायजा लेते विधायक विनोद भयाना।

विधायक विनोद भयाना रविवार को सिंचाई, बिजली, जन स्वास्थ्य तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर फील्ड में उतरे। उन्होंने क्षेत्र के चैनत व भाटला गावों के खेतों का दौरा कर जल भराव की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जल निकासी को लेकर किसानों से काफी देर बातचीत की। इसके बाद उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल निकासी को लेकर तमाम व्यापक प्रबंध पूर्ण कर तीन दिनों के अंदर खेतों से पानी निकासी करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई व लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### पंप सेट स्थापित करें

किसानों से बातचीत करने के बाद विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह चैनत गांव के खेतों में स्थापित एचडीपीई पंप हाउस को तुरंत चालू करवाएं और आवश्यकता अनुसार पंपसेट स्थापित करें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि खेत में बिजली का एच पोल लगा हुआ है, इस पर तुरंत ट्रांसफार्मर लगाया जाए। पानी की निकासी निर्बाध ढंग से करने के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध होनी चाहिए। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि जल निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य तुरंत शुरू करें। उन्होंने भाटला गांव के खेतों से पानी निकासी के लिए दो इलेक्ट्रिक पंप सेट तुरंत स्थापित करने के भी निर्देश दिए।

### स्पेशल गिरदावरी के लिए आज ही करेंगे उच्च अधिकारियों से बातचीत

ग्रामीणों ने विधायक से कहा कि अधिक बारिश के कारण खेतों में खड़ी अधिकांश फैसले खराब हो गई है। फसल खराबे का मुआवजा दिलवाया जाए। इस पर विधायक ने किसानों से कहा कि आज ही इस संबंध में उच्च अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। इस दौरान विधायक के साथ सिंचाई विभाग के कार्यकारी अधिकारी नवदीप सांगवान, एसडीओ मैकेनिकल प्रियंका, सिंचाई विभाग के एसडीओ विवेक गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता राजेश, संजय, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष यादव, विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा, संदीप डाटा, सतबीर शर्मा तथा क्षेत्र की अनेक किसान मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में शिवरात्रि पर्व 23 को

**हिसार।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर 23 जुलाई को सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में देवों के देव महादेव का पूजन व रुद्राभिषेक प्रातः 4 बजे पावन मंगल बेला में मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। इस दिन भोलेनाथ का आलौकिक श्रृंगार भक्तों के दर्शनार्थ किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार व शिवरात्रि के दिन भोलेनाथ का श्रृंगार किया जाएगा।

## श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में शिवरात्रि महोत्सव 23 को

**हिसार।** मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में 23 जुलाई बुधवार को शिवरात्रि का त्यौहार अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पीठ के प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सुबह 5 बजे से सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग की पूजा की जाएगी व जलाभिषेक किया जाएगा। पीठ के पुजारी विधि विधान से शिव भक्तों से पूजा करवाएंगे। प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भोग का प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात्रि में चार पहर की पूजा होगी।

# महासम्मेलन को लेकर कांग्रेस भवन में बैठक हुई

- न्याय महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भागीदारी करें : चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक को संबोधित करते विधायक चंद्रप्रकाश।

कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व के भागीदारी न्याय महासम्मेलन के प्रति कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इस महासम्मेलन की तैयारियों के लिए हिसार कांग्रेस जिला मुख्यालय-कांग्रेस भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिलेभर से काफी संख्या में ओबीसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, ओबीसी कॉर्डिनेटर लाल बहादुर खोवाल, वरिष्ठ नेता भूपेंद्र गंगवा, ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, हेमंत गुज्जर, कृष्ण छिंपा, कृष्णा भाटी, सुभाष सैन, विजेंद्र सैन व कुलदीप चारनौद सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इस दौरान महासम्मेलन की तैयारियों और रणनीति पर गहन चर्चा की गई।

इस अवसर पर विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 25 जुलाई को होने वाले न्याय महासम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ओबीसी के अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार ओबीसी समाज की अगुवाई कर रहे हैं और उनके अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसलिए यह महासम्मेलन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक चंद्रप्रकाश ने आश्वस्त किया कि दिल्ली में होने वाले न्याय महासम्मेलन में पहुंचने और वापस आने के लिए जिला ओबीसी कमेटी हिसार के सभी सदस्यों द्वारा उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हिसार जिले से ओबीसी समाज के लोग इस महासम्मेलन में भाग लेकर राहुल गांधी के हाथ मजबूत करें।

# रोटरी हिसार का 54वां शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रोटरी क्लब के पदाधिकारी व अन्य अतिथि।

प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था रोटरी हिसार का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को पूरी गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 के लिए डॉ. केके वर्मा ने अध्यक्ष पद की शपथ ली। उल्लेखनीय है कि डॉ. वर्मा वर्ष 2013-14 में भी क्लब के अध्यक्ष रह चुके हैं और उनके कार्यकाल में कई सामाजिक परियोजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी डिसट्रिक्ट 3090 के पूर्व गवर्नर रोटेरियन विजय गुप्ता (राजपुरा, पंजाब) रहे, जिन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. वर्मा एवं उनकी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही, समारोह में रोटरी क्लब दिल्ली अशोका के वरिष्ठ पूर्व जिला गवर्नर रोटेरियन रमेश अग्रवाल तथा भिवानी से पधारे पूर्व गवर्नर रोटेरियन डॉ. दीक्षित ने शिरकत की और अपने प्रेरणादायी विचार साझा किए। कार्यक्रम में रोटरी हिसार के सदस्यों ने अपने परिवारों सहित बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीते वर्ष के अध्यक्ष रोटेरियन मोहित गुप्ता ने वर्ष 2024-25 में क्लब द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।



## श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन

**हांसी।** हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व के पावन उपलक्ष्य में बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक विनोद भयाना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। विधायक तथा सरदार शिव शंकर सिंह पाहवा ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर का आयोजन बाबा बंदा सिंह बहादुर युवा सेवा दल गुरुद्वारा व स्कूल प्रबंधक कमेटी द्वारा किया गया। विधायक ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए प्रेरणास्रोत है और ऐसे आयोजन उनके महान सिद्धांतों को जीवंत रखते हैं। कार्यक्रम में नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद सैनी, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष यादव, बबल खुराना, पार्षद मुकेश, भाजपा मंडल प्रधान तनुज खुराना, पूर्व सरपंच राजेश धमाणा समेत क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सेवा दल की इस सामाजिक कार्य की सराहना की और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान जैसे कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया।

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया। उपरोक्त विषयों की प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय में दो चरणों में आयोजित की गई। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था, जिन्होनें दोनों केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 767 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी जानकारियों के लिए की वेबसाइट पर चेक करते रहें।



## सृष्टि वूमेन एंपावरमेंट सोसायटी ने किया तीज महोत्सव का आयोजन, महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**हिसार।** सृष्टि वूमेन एंपावरमेंट सोसायटी की ओर से आजाद नगर स्थित कबीर छात्रावास में तीज महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। सोसासटी अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने मुख्यातिथि मंजू पोपली का बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में तरूणा कुहाड़, वर्षा गर्ग, पूजा लावट, सुलोचना व भावना ने शिरकत की। महोत्सव में डिंपल सुंडा व प्रियंका सिहाग ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मंच संचालन राज व सुशीला सिंधु ने किया। कार्यक्रम में बल्यू बैल्स कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने काफी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। सोसायटी अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने बताया कि कार्यक्रम में तीज क्वीन व डांस क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता की विजेता कविता और डांस क्वीन प्रतियोगिता की विजेता शिल्पा रही। डांस क्वीन की प्रथम रनरअप सीमा व द्वितीय रनरअप मेघा रही। तीज क्वीन की प्रथम रनरअप सीमा व द्वितीय रनरअप कुसुम बैनीवाल रही। कार्यक्रम में दर्शकों ने तंबोला खेल का भी आनंद उठाया। तंबोला की विजेता सुमन रही। सुनीता रेड्डू ने बताया कि सोसायटी का उद्देश्य आजाद नगर क्षेत्र की महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करना है।



## आचार्य गगन ने साधकों को संजीवनी ध्यान करवाया

**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ के तत्वाधान में कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में विशेष संडे ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक सत्र का संचालन विख्यात आध्यात्मिक मार्गदर्शक आचार्य गगन द्वारा किया गया। आचार्य गगन ने साधकों को ध्यान, ऊर्जा जागरण एवं आत्मचिंतन के विविध आयामों से अवगत कराया। उन्होंने संजीवनी ध्यान की विशेष तकनीकों के माध्यम से साधकों को मानसिक शांति, आंतरिक ऊर्जा तथा जीवन में संतुलन प्राप्त करने के मार्ग सुझाए। सत्र के दौरान उपस्थित साधकों ने ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास किया और अपने अनुभवों को सांझा करते हुए नियमित साधना का संकल्प लिया। संडे ध्यान सत्र का उद्देश्य है कि दैनिक जीवन की आपाधापी में मानसिक विश्रांति व आत्मिक उन्नति की अनुभूति कराना। आचार्य ने बताया कि संजीवनी ध्यान के प्रकार और तकनीकें विभिन्न हो सकती हैं और यह आध्यात्मिक गुरु या आध्यात्मिक शिक्षक के मार्गदर्शन में किया जाता है। यह ध्यान प्रणाली शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी मानी जाती है, लेकिन इसे अनुभव करने के लिए धैर्य, समर्थन और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। ज्ञात हो कि प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे समर्थगुरु धारा संघ हिसार अपने साधना केंद्र मिर्जापुर रोड, कौशिक नगर में ध्यान के कार्यक्रम का आयोजन करता है। कार्यक्रम के समापन पर आचार्य सुभाष ने आज के सत्र के आचार्य गगन का आभार व्यक्त किया एवं उपस्थित सभी साधकों को आगामी ध्यान सत्रों की जानकारी भी प्रदान की।

बैठक में अनुसूचित जातियों के आरक्षण वर्गीकरण को लेकर चर्चा

# प्रदेश में आरक्षण वर्गीकरण पर रविदास महासभा ने जताई नाराजगी, सरकार पर षड्यंत्र का आरोप लगाया

- महासभा के प्रधान एसपी चालिया ने बोले, सरकार एक विशेष जाति को निशाना बना रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा के पदाधिकारी।

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा हरियाणा में आरक्षण वर्गीकरण पर नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार पर एक विशेष जाति को निशाना बनाने के षड़यत्र का आरोप लगाया है। इस संबंध में महासभा की कार्यकारिणी बैठक रविवार को महासभा भवन में अध्यक्ष एसपी चालिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों और समाज के विकास कार्यों की समीक्षा के बाद प्रदेश में अनुसूचित जातियों के आरक्षण वर्गीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए महासभा के प्रधान एसपी चालिया ने वर्ष 2020-21 से लागू की गई आरक्षण नीति की आलोचना की और आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार ने शिक्षण संस्थाओं और सरकारी भर्तियों में अनुसूचित जाति वर्ग के 20 प्रतिशत आरक्षण को दो भागों में बांटते हुए 10 प्रतिशत डीएससी और 10 प्रतिशत ओएससी को देने की नीति अपनाई, लेकिन ऑनलाइन दाखिला पोर्टल पर डीएससी जातियों को ओएससी सूची में भी शामिल कर दिया गया। इससे डीएससी को करीब 75 प्रतिशत और ओएससी को मात्र 25 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है।

एसपी चालिया ने आरोप लगाया कि सरकारी नौकरियों की भर्तियों में भी यही पैटर्न दोहराया जा रहा है। डीएससी वर्ग के अनुपात में ओएससी वर्ग के लिए पदों की संख्या बेहद कम विज्ञापित की जा रही है। महासभा पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि सामाजिक न्याय विभाग और एससी आयोग एकतरफा कार्य कर रहे हैं और रविदासिया समाज के हितों की अनदेखी कर रहे हैं।

महासभा ने यह भी आरोप लगाया कि धानक समाज सहित केवल 3-4 जातियों को ही डीएससी श्रेणी का लाभ मिल रहा है, जबकि शेष 30 जातियों को नाममात्र का या कोई लाभ नहीं दिया जा रहा। इसी संदर्भ में चमार महासभा द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दायर याचिका पर भी सरकार और आयोग की चुप्पी को जानबूझकर की गई देरी बताया गया। महासभा नेताओं ने कहा कि सरकार जिस प्रकार सामान्य वर्ग को ईडब्ल्यूएस के नाम पर विशेष आरक्षण दे रही है, उसी प्रकार अनुसूचित जातियों के भीतर भी असमानता और पक्षपात को बढ़ावा मिल रहा है। महासभा ने मांग की कि आरक्षण वर्गीकरण नीति की पुनर्समीक्षा कर समाज के साथ न्याय किया जाए और अनुसूचित जाति की सभी जातियों को समान अवसर प्रदान किए जाएं। बैठक के दौरान एडवोकेट पवन तुंदवाल, कश्मीर सिंह सबरवाल और खालसा सुरेश चौहान सहित आजीवन सदस्य मौजूद रहे।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar